Point to point Mini Bus Service

978. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL; Will the Minister of SUB-FACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether the Delhi Administration is planning to introduce a point to point mini bus service selected areas of Delhi;

(b) if so, the details of the points from which mini buses will ply and what would be its fare structure;

(c) what is the purpose of introducing mini bus service in the capital; and

(d) the extent to which it will curb the use of private vehicles?

THE MINISTER OF WATER RE SOURCES WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI MANUBHAI KOTADIA): (a) There is no such proposal under considera tion so far.

(b) to (d). Does not arise.

गुजरात के कच्छ क्षेत्र के लिए सिंधु नदी के जल के साँझे उपयोग के लिए पाकिस्तान से वार्ता

979. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात सरकार के एक प्रतिनिधि ने केन्द्रीय सरकार को यह सुझाव दिया है कि वह गुजरात के कच्छ क्षेत्र के लिए सिन्धु नदी के साँझे उपयोग के संबंध में पाकिस्तान की सरकार से बातचीत करे;

(ख) क्या सरकार ने पाकिस्तान सरकार से यह मामला उठाया है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

जल संसाधन मंत्री साथ में **जल भूतल-परिवहन** मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार **(श्री मनु भाई कोटाड़िया)** : (क) जी नहीं । तथापि, कच्छ के लिए सिंधु नदी के व्यपवर्तन के संबंध में बम्बई के भूतपूर्व मेयर श्री राजीव के० गनात्रा से 1979-81 में और भूतपूर्व संसद सदस्य डा० एम०एम० मेहता से 1989 में संदर्भ प्राप्त हुए थे ।

(ख) और (ग). उनको यह स्पष्ट कर दिया गया था कि सिंधु जल समझौता, 1960 के अन्तर्गत, जम्मू और कश्मीर राज्य में सिंधु नदी के जलनिकास बेसिन के अन्तर्गत कुछ विशिष्ट प्रयोगों के सिवाय, सिंधु नदी का जल पाकिस्तान को आवंटित है । इसको ध्यान में रखते हुए, कच्छ क्षेत्र में इस जल के उपयोग का उनका प्रस्ताव, जो सिंधु नदी के जलनिकास बेसिन के बाहर पड़ता है, व्यवहार्य नहीं है ।

हज तीर्थ यात्रा पर जाने वाले भारतीय

980. **डा० अब्दुल अहमद :** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष जहाज द्वारा हज तीर्थ यात्रा पर जाने वाले भारतीयों की संख्या कितनी है और इनमें से प्रत्येक जहाज कब रवाना होगा ;

(ख) क्या सरकार ने हाजियों के ठहरने और उनके जाने व वापस आने से संबंधित सभी प्रबंध पूरे कर लिये हैं; यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) इस वर्ष हाजियों से उनकी हज यात्रा के लिये कितनी धनराशि ली गई है और उन्हें कितनी विदेशी मुद्रा दी जायेगी; और

(घ) यदि उस समय तक खाड़ी युद्ध बंद नहीं होता तो हज यात्रियों की सुरक्षा के लिये सरकार क्या-क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

वित्त मंत्रालय में उप मंत्री और विदेश मंत्रालय में उप मंत्री (श्री दिग्विजय सिंह) : (क) 1991 के दौरान हज के लिए 4686 लोग जहाज से जा रहे हैं। जहाजों के प्रस्थान से सम्बद्ध समय-सारिणी इस प्रकार है:—

पहला जहाज—18.4.1991
दूसरा जहाज—10.5.1991
तीसरा जहाज—1.6.1991

(ख) जी नहीं। सामान्यत: यह व्यवस्थाएं वर्ष के इस समय तक पूरी हो जाती थीं। इस वर्ष खाडी की स्थिति से इन व्यवस्थाओं को पूरा करने में विलम्ब हुआ है।

(ग) वायुयान तथा जहाज के किराए अभी तय किए जाने हैं। केन्द्रीय हज समिति द्वारा किए गए प्रबन्धों के अनुसार हज पर जाने वाले प्रति व्यक्ति के लिए दी जाने वाली विदेशी मुद्रा 4,600 सउदी रियाद है (लगभग 24,242.00 रुपये) विदेशी मुद्रा की यह रकम उन यात्रियों के लिए है जिनके आवास की व्यवस्था की जाएगी तथा अन्य यात्रियों के लिए 3,850 सऊदी रियाद (लगभग 20,289.50 रुपए) है।

(घ) लड़ाई 28 फरवरी, 1991 से रोक दी गई है।

सुन्दर वन में जानवरों के अनधिकार शिकार करने और वन कटाई पर रोक

981. **डा० अबरार अहमद** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सुन्दर वन का एक हिस्सा भारत में है और दूसरा बंगला देश में; यदि हां, तो क्या वन्यजीवों और वन संपदा के संरक्षण के लिये करोड़ों रुपये व्यय करने वाले भारत देश की तरह **बंगला देश** ने भी जानवरों के अनधिकार शिकार और वनों की कटाई पर रोक लगाई है अथवा क्या दोनों देशों के बीच इस संबंध में कभी कोई समझौता हुआ है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) सुन्दर वन में गश्त लगाने के लिये मोटर नौकाओं के अतिरिक्त सड़क वाहनों अथवा हैलिकॉप्टरों को प्रयोग में न लाये जाने के क्या कारण हैं; क्या मोटर नौका के माध्यम से सुन्दर वन के भीतरी भाग में चल रही गतिविधियों का पता लगाया जा सकता है; और

(ग) सुन्दरवन में इस समय जानवरों की संख्या कितनी है?

वाणिज्य मंत्री साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (डा० सुब्रह्मण्यन स्वामी) : (क) जी, हां। पशुओं के अवैध शिकार और वनों की कटाई के नियंत्रण के संबंध में बंगलादेश द्वारा की गई कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। इस बारे में बंगलादेश के साथ कोई करार नहीं है।

(ख) सुन्दर वन बाघ रिजर्व संकरी खाड़ियों, जलमार्गों और द्वीपसमूहों से बना है, जिससे उस क्षेत्र में गश्त लगाना और वहां चल रही गतिविधियों का पता लगाना केवल जलमार्गों के जरिये ही व्यावहारिक है। इस क्षेत्र में बहुत ही घने वन हैं, जिसकी वजह से ऊपर से जमीन दिखाई नहीं देती है, इसलिए हेलीकाप्टरों का इस्तेमाल सहायक सिद्ध नहीं होगा।

(ग) पश्चिम बंगाल राज्य सरकार ने बताया है कि सुन्दर वन बाघ रिजर्व में महत्वपूर्ण जंगली जानवरों की अनुमानित संख्या इस प्रकार है:

जंगली जानवर का नाम	1990 में अनुमानित संख्या
बाघ . .	269
चीतल . .	30886
जंगली सूअर . .	10552
बन्दर . .	38607